प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

सेना प्रमुख

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के तालमेल का सबसे अच्छा उदाहरण था और इसमें कार्रवाई करने व जवाब देने की पूरी आज़ादी थी। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अभी भी जारी है और दुश्मन की किसी भी नापाक हरकत का प्रभावी ढंग से जवाब दिया जाएगा। नई दिल्ली में आज एक संवाददाता सम्मेलन में सेना प्रमुख ने कहा कि 10 मई से पश्चिमी मोर्चे और जम्मू–कश्मीर में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है, लेकिन पूरी तरह से नियंत्रण में है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। शिमला में निर्माणाधीन ऊर्जा परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने विभिन्न बांधों और जलाशयों से गर्मियों के मौसम में पानी के वाष्पीकरण का विस्तृत अध्ययन करने के अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने ग्लेशियरों के पिघलने की दर और बाढ़ प्रबन्धन का वैज्ञानिक अध्ययन करने पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट मीटर पर विस्तृत चर्चा की और फीडर बिलिंग की मैपिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 13 जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण पूरा होने से राज्य में ऊर्जा दोहन में एक हजार 2 सौ 29 मेगावाट क्षमता की वृद्धि हुई है।

राजस्व मंत्री

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में भू–राजस्व के विशेष आंकलन की प्रक्रिया पूरी की है। शिमला में जलविद्युत परियोजनाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अनुमोदन से पहले सभी पक्षों को सुना जा रहा है और इसके बाद तर्कसंगत निर्णय लिया जाएगा। बैठक में परियोजना के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए जिस पर जगत सिंह नेगी ने जल्द ही उचित निर्णय लेने का आश्वासन भी दिया।

आजीविका मिशन

प्रदेश सरकार लोगों की आजीविका में सुधार लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। खासकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

डिस्पैच–

प्रदेश सरकार लोगों की आजीविका में सुधार लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। खासकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी क्षेत्रों की महिलाएं अब अपने पैरों पर खड़ी होकर सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। इन्हीं योजनाओं का लाभ उठाकर मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल की भीमा देवी आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। सुंदरनगर शहर की निवासी भीमा देवी पहले छोटे स्तर पर सिलाई का कार्य करती थीं, लेकिन काम नियमित न होने से आमदनी सीमित थी। इसके बाद वे राधे मुकुंद स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और यहीं से उनकी जिंदगी ने नई दिशा ली। आज वे सिलाई के कारोबार से हर माह 25 से 30 हजार रुपये तक की आमदनी अर्जित कर रही हैं। साथ ही कई युवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें भी स्वरोजगार से जोड़ रही हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।

लोहड़ी

प्रदेश में लोहड़ी का त्यौहार आज उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ये पर्व हिमाचल सहित पंजाब और हरियाणा में मनाया जाता है। लोहड़ी पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी व मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये पर्व लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आएंगे।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं और शीतलहर जारी है। ऊपरी इलाकों में कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। मैदानी इलाकों में भी घने कोहरे के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने 15 जनवरी तक मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 16 से 18 जनवरी तक ऊपरी इलाकों में वर्षा व हल्का हिमपात हो सकता है। मौसम विभाग ने 16 जनवरी तक राज्य के मैदानी इलाकों में सुबह और देर रात घने कोहरे को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है।